**समाचार**

# शास्त्री चौक से घंटाघर तक निकली स्वच्छता की महारैली, गुंजायमान हुआ '' स्वच्छता ही सेवा '' का उद्घोष

## (आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई की उपस्थिति में निगम के नेता प्रतिपक्ष श्री हितानंद अग्रवाल एवं पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने रैली को दिखाई हरी झंडी)

## (जनप्रतिनिधियों, छात्र–छात्राओं, स्वच्छता दीदियों, एन.सी.सी.कैडटो, एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों, स्काउट गाईड, महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों, अधिकारियों व नागरिकों ने रैली में शामिल होकर दिया स्वच्छता का संदेश)




कोरबा 28 सितम्बर 2024 –स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम कोरबा के आयोजकत्व में शास्त्री चौक से घंटाघर तक स्वच्छता की महारैली निकाली गई। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई की उपस्थिति में निगम के नेता प्रतिपक्ष श्री हितानंद अग्रवाल एवं पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा खुद ही रैली में शामिल हुए। रैली में '' स्वच्छता ही सेवा '' का उद्घोष गुंजायमान होता रहा, लगभग 1500 से अधिक लोगों ने रैली में अपनी उपस्थिति देकर स्वच्छता का संदेश दिया। पार्षद रितु चौरसिया, नारायणदास महंत, चन्द्रलोक सिंह, धनसाय साहू, शैलेन्द्र सिंह पप्पी ने भी आयोजन में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के दौरान आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में शास्त्री चौक कोसाबाड़ी से सुभाष चौक निहारिका होते हुए घंटाघर ओपन थियेटर तक विशाल स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, छात्र–छात्राओं, स्वच्छता दीदियों,

एन.सी.सी. कैडटों, एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों, स्काउट गाईड व महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों, अधिकारी कर्मचारियों व आमनागरिकों ने रैली में शामिल होकर स्वच्छता का संदेश दिया तथा स्वच्छता व साफ–सफाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। रैली के दौरान '' स्वच्छता ही सेवा '' का निरंतर उद्घोष गुंजायमान होता रहा, लोग रैली में जुडते गए तथा अंत में घंटाघर स्थित ओपन थियेटर पहुंचकर रैली स्वच्छता सभा के रूप में परिवर्तित हो गई, जहॉ पर नुक्कड़ नाटक, सुआ गीत नृत्य आदि के माध्यम से छात्र–छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश दिया, वहीं जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बनाने, स्वच्छता अभियान से जुड़ने का आव्हान आमजन से किया।

**स्वच्छता अभियान विकसित भारत की नींव का पत्थर** – कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष श्री हितानंद अग्रवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत की जो संकल्पना की है, यह स्वच्छता अभियान उस विकसित भारत की नींव का पत्थर साबित होगा। उन्होने कहा कि स्वच्छता से शरीर स्वस्थ रहता है तथा स्वस्थ शरीर में ही स्वच्छ मन, उत्तम विचार पैदा होते हैं, जो समाज व देश के वास्ताविक विकास की आधारशिला रखते हैं।

**स्वच्छता को हमारे संस्कार में शामिल कराने प्रधानमंत्री जी का आभार** – इस अवसर पर पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को हमारे संस्कारों में शामिल करने का जो यह कार्य किया है, उसके लिए हम प्रधानमंत्री जी को दिल से आभार प्रकट करते हैं, उन्हीं की इच्छाशक्ति की बदौलत आज स्वच्छता की गुंज पूरे देश में सुनाई दे रही है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार इस अभियान में सक्रिय सहभागिता दे रही है, उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन का सक्रिय सहयोग अभियान को मिल रहा है, तो वहीं जिला प्रशासन व निगम प्रशासन भी साधुवाद के पात्र हैं। इस मौके पर पार्षद रितु चौरसिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता केवल शासन प्रशासन का कार्य नहीं है बल्कि हम सभी का दायित्व है कि हम अपने घर, गली, मोहल्ले, वार्ड व शहर को साफ–सुथरा रखने में सहयोग दें, स्वच्छता को अपने स्वभाव में शामिल करें।

**आयुक्त ने दिलाई स्वच्छता शपथ** – आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, छात्र–छात्राओं, नागरिकबंधुओं, अधिकारी कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों व कार्यक्रम में शामिल समस्त सहभागियों को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई। उपस्थितजनों ने स्वच्छता शपथ लेते हुए जीवन में स्वच्छता को अपनाने, गदंगी न करने तथा दूसरों को भी इस हेतु लगातार प्रेरित करने के संकल्प को दोहराया।

**इन संस्थाओं ने रैली में दी सहभागिता** – स्वच्छता रैली में कमला नेहरू कालेज, शास.ई.वि. स्नातकोत्तर कालेज, श्री अग्रसेन गर्ल्स कालेज, डी.डी.एम.स्कूल, न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल, ब्लू वर्ड स्कूल, जैन इंटरनेशनल स्कूल गोढ़ी, सेंट पेलोटी स्कूल, बालमानस विद्या मंदिर स्कूल, निर्मला स्कूल सी.एस.ई.बी. एवं निर्मला स्कूल कोसाबाड़ी की छात्र–छात्राओं, निगम की स्वच्छता दीदियों, एन.सी.सी. कैडटों, स्काउट गाईड व राष्ट्रीय सेवा योजना एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों, विभिन्न महिला स्वसहायता समूहों, सनराईज संस्था आदि ने रैली में भाग लिया।

**नुक्कड़ नाटक व सुआ गीत नृत्य से स्वच्छता का संदेश** – अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्वच्छता का संदेश दिया, वहीं शास.ई.वि. स्नातकोत्तर कालेज की छात्राओं ने सुआ गीत नृत्य व नुक्कड़ नाटक के मंचन के माध्यम से स्वच्छता को अपनाने, गंदगी न करने, औरो को भी स्वच्छता अपनाने की प्रेरणा देने, प्रतिबंधित व हानिकारक प्लास्टिक का उपयोग न करने, सार्वजनिक स्थान पर कचरा न डालने आदि का आव्हान किया।

स्वच्छता रैली एवं स्वच्छता कार्यक्रम में पार्षद रितु चौरसिया, नारायणदास महंत, चन्द्रलोक सिंह, धनसाय साहू, शैलेन्द्र सिंह पप्पी के साथ ही निगम के उपायुक्त पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, बी.ई.ओ. संजय अग्रवाल, क्रीडा अधिकारी रामकृपाल साहू, निगम सचिव रामेश्वर कंवर, जनसपंर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, जिला संगठक एन.एस.एस. वाई.के. तिवारी, रामकुमार राठौर, घनश्याम श्रीवास, कामेश उपाध्याय, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सचीन्द्र थवाईत, शैलेन्द्र नामदेव, अनुप राय, गोविंद माधव उपाध्याय, श्रीमती मधु कंवर, श्रीमती वर्षा सिंह, श्रीमती गौरी वानखेड़े, अरूण मिश्रा, रविकरण सिंह, उत्तमदास महंत, गिरवर विश्वकर्मा, सतानंद द्विवेदी, अजीत कुमार, रामप्रसाद मिर्री, अनिल पाठक आदि के साथ विभिन्न महाविद्यालयीन एवं विद्यालयीन छात्र–छात्राएं, अध्यापक–अध्यापिकागण व आमनागरिकों ने अपनी विशिष्ट सहभागिता दी।